भाकृअनुप.राष्ट्रीय पादप आनुवंशिक संशाधन ब्यूरो, क्षेत्रीय केंद्र शिमला

भाकृअनुप-राष्ट्रीय पादप आनुवंशिक संशाधन ब्यूरो, क्षेत्रीय केंद्र शिमला में मई माह में एक कार्यशाला का आयोजन हुआ जिसमे केन्द्र के सभी अधिकारियों व कर्मचारियों ने भाग लिया। केन्द्र प्रमुख ने सभी से हिन्दी के कार्य को बढाने के लिए सहयोग देने के लिए कहा और नगर राज भाषा कार्यन्वयन समिति के निर्देशानुसार धारा 3/3 के अन्तर्गत हिन्दी में कार्य करना अनिवार्य है. इसलिए केन्द्र के सभी कार्यालय आदेश को द्विभाषी रूप से जारी करने के लिए कहा गया। प्रभारी अधिकारी ने सभी को यह बताया कि केन्द्र में दिनांक 18.05.2022 को राजभाषा कार्यान्वयन समिति का गठन किया है। उसके बाद हिन्दी अधिकारी ने भी दैनिक कार्यो में हिन्दी के महत्व को समझाया और कार्यशाला का आरम्भ किया जिसमें कार्यशाला में भाग लेने वाले सभी सदस्यों को कम्पयूटर पर हिन्दी में कार्य करना सिखाया। अन्त में प्रभारी अधिकारी ने सभी का धन्यवाद करते हुए कार्यशाला का समापन किया।

केन्द्र में प्रभारी अधिकारी, राष्ट्रीय पादप आनुवंशिक संसाधन ब्यूरो, फागली शिमला के निर्देशानुसार व हिन्दी अधिकारी के नेतृत्व में सितम्बर,2022 में हिन्दी भाषा को बढावा देने के लिए दिनांक 07.09.2022 से 14.09.2022 हिन्दी पखवाड़े का आयोजन किया। दिनांक 14.09.2022 को हिन्दी पखवाडे का समापन समारोह एवं हिन्दी दिवस का आयोजन किया । तथा कार्यक्रम में भाग लेने वाले सभी सदस्यों को हिन्दी की उपयोगिता एवं महत्व के बारे में अवगत कराया । दिनांक 07.09.2022 को हिन्दी पखवाडे का उदघाटन किया, जिसमें सभी कर्मचारियो एवं अधिकारियों ने भाग लिया एवं हिन्दी अधिकारी के नेतृत्व में विभागीय शब्दावली पर चर्चा की गई। दिनांक 08.09.2022 को अपराहन 3 बजे से काव्य पाठ का आयोजन किया। सभी कर्मियों ने विभिन्न विषयों पर अपने विचारो को कविता के रूप में सुनाया। अन्य सभी ने इस कार्यक्रम का आनन्द लिया। दिनांक 09.09.2022 को अपराहन 3 बजे से निबन्ध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें केन्द्र के सभी कुशल सहायी कर्मचारियो ने भाग लेकर हिन्दी के क्षेत्र में अपना योगदान दिया। निबन्ध लेखन का विषय बागवानी का हिमाचल प्रदेश के परिक्षेप में महत्व था। दिनांक 12.09.2022 को केन्द्र में नारा लेखन का आयोजन किया। नारा लेखन

का विषय जैव विविधता संरक्षण था। दिनांक 13.09.2022 को कम्प्यूटर पर यूनिकोड में हिन्दी टाइपिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया। जिसमें सभी कर्मचारियों को निश्चित समय सीमा के अन्दर कम्प्यूटर पर हिन्दी में टाइपिंग करवाई गई। दिनांक 14.09.2021 को केन्द्र में हिन्दी पखवाडे का समापन समारोह एंव हिन्दी दिवस मनाया। हिन्दी दिवस में डा. धरमपाल वालिया, प्रधान वैज्ञानिक भाकृअनुप-भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान क्षेत्रीय केन्द्र टूटीकण्डी शिमला मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। केन्द्र के हिन्दी अधिकारी श्री दयाल सिंह, ने हिन्दी दिवस का प्रातः 11.00 बजे आरम्भ किया और

राजभाषा हिन्दी का परिचय देते हुए कार्यक्रम में उपस्थित होने के लिए सभी का आभार प्रकट किया तथा कार्यालय प्रमुख को मंच पर आमंत्रित कर मुख्य अतिथि का स्वागत करवाया। कार्यालय प्रमुख ने प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए सभी का धन्यवाद किया और हिन्दी के क्षेत्र में अपना अधिक से अधिक योगदान करने के लिए सभी को प्रोत्साहित किया। तत्पश्चात माननीय अतिथि ने हिन्दी दिवस पर अपने सुविचार सभी के सामने प्रकट किये और सभी को हिन्दी में कार्य करने के लिए प्रेरित करते हुए सभी का उत्साहवर्धन किया। उसके बाद हिन्दी अधिकारी ने प्रतियोगिता में विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार देना आरम्भ किया। काव्य पाठ प्रतियोगिता में श्री देषराज, कुशल सहायी कर्मचारी, ने प्रथम, श्री लीला धर, कुशल सहायी कर्मचारी ने द्वितीय, एवं मंगतराम, कुशल सहायी कर्मचारी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया. निबन्ध लेखन प्रतियोगिता में श्री इन्द्र सिंह, तकनीशियन ने प्रथम, श्री देषराज, कुशल सहायी कर्मचारी ने द्वितीय, एवं श्री रामचन्द्र वरिष्ठ तकनीकी सहायक ने तृतीय स्थान प्राप्त किया. नारा लेखन प्रतियोगिता में श्री इन्द्र सिंह, तकनीशियन ने प्रथम, श्री रोहित, कुशल सहायी कर्मचारी, ने द्वितिय, एवं श्री सुखदेव, तकनीशियन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया. कम्प्यूटर पर यूनिकोड में टाइपिंग प्रतियोगिता में श्री लीला धर, कुशल सहायी कर्मचारी ने प्रथम, श्री देशराज, कुशल सहायी कर्मचारी ने द्वितिय एवं श्री सुखदेव, तकनीशियन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया. उसके बाद राजभाषा हिन्दी के कार्य को आगे बढाने के लिए प्रतिज्ञा ली गई और हिन्दी अधिकारी ने सभी को हिन्दी दिवस की शुभकामनाएं देते हुए समारोह का समापन किया।

राजभाषा कार्यन्वन समिति के द्वारा नवम्बर माह में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया। जिसमे केंद्र के कर्मचारियो ने भाग लिया। कार्यशाला का उद्देश्य कार्यालय के कार्यो में हिंदी के महत्व को बढ़ाना है। कार्यशाला में हिंदी के प्रयोग में स्मार्ट टूल्स के विषय में बताया । केंद्र के हिंदी अधिकारी ने सभी को कम्प्यूटर पर हिंदी की टाइपिंग करना तथा टाइपिंग को सुगम बनाना सिखाया और युनिकॉड पर हिंदी टाइपिंग करना भी सिखाया। हिंदी अधिकारी ने हिंदी में मेल भेजने हेतु हिंदी में टाइपिंग करना तथा वर्ल्ड फाइल और एक्सेल फाइल में भी हिंदी का प्रयोग करना व टाइप करना सिखाया। हिंदी अधिकारी ने कार्यालय के सभी कार्यो जैसे मांग पत्र और उपस्तिथि पंजिका में हस्ताक्षर, आदि सभी कार्यो को हिंदी करने के लिए जोर दिया और साथ ही सभी रजिस्टर में हिंदी में पृविष्टि करने के लिए कहा।